बोर्ड परीक्षाओं का आगाज, हाईस्कूल की परीक्षा आज

मंगलवार से हायर सेकेण्ड्री परीक्षा भी होगी शुरू, 64 केन्द्रों में होगी बोर्ड की परीक्षाएं

नवभारत न्यूज

सीधी 4 फरवरी. मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाईस्कूल परीक्षा का शुभारंभ 5 फरवरी सोमवार से होगा. वहीं हायर सेकेण्ड्री परीक्षा का आगाज 6 फरवरी मंगलवार से होगा.

हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षाओं में सीधी जिले से इस बार 33 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षाओं के संचालन के लिए 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. जिनमें कड़ी चौकसी के बीच परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी. लोकसभा चुनाव के चलते माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा इस वर्ष भी बोर्ड की परीक्षाएं फरवरी माह में संपन्न कराई जा रही हैं. घोषित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 5 फरवरी से हाईस्कूल और 6 फरवरी से हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएगी. परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी. दोनों कक्षाओं में 33039 छात्र-छात्राएं परीक्षा देने के लिए बैठेंगे. उनके लिए 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है. संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाइस्कूल की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से 28 फरवरी तक होगी. वहीं हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षाएं 6 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जाएगी. परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा. हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 64 हाइस्कूल स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है. हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा के लिए 64 हायर सेकेण्ड्री विद्यालय में परीक्षा केन्द्र बनाया गया जिसमें नियमित और स्वाध्यायी 33039 छात्र परीक्षा देंगे. सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षाएं आयोजित की जाएगी. शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कक्षा 10वीं और 12वीं के नियमित 32419 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे. वहीं 10 वीं और 12वीं के स्वाध्यायी 620 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे. प्रत्येक केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा नजर रखी जाएगी.

बोर्ड परीक्षाओं की घोषित समय सारिणी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के लिए घोषित समय सारिणी के अनुसार हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर 5 फरवरी को हिन्दी, 7 फरवरी को उर्दू, 9 को संस्कृत, 13 को गणित, 15 को मराठी, गुजराती, 19 को अंग्रेजी, 22 फरवरी को विज्ञान, 26 को सामाजिक विज्ञान, 28 फरवरी को एनएसक्यूएफ विषय की परीक्षा की जाएगी. वहीं हायर सेकेण्ड्री की बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर 6 फरवरी को हिन्दी, 8 फरवरी को अंग्रेजी, 10 को ड्राइंग एवं डिजाइनिंग, 12 को फिजिक्स, अर्थशास्त्र, अन्य विषय, 13 को मनोविज्ञान अन्य विषय, 15 को बायलॉजी, टेक्निलॉजी एवं अन्य विषय, 16 को बायलॉजी, 17 को इकोनामिक्स एवं अन्य, 20 फरवरी को संस्कृत, 21 को कैमिस्ट्री, इतिहास, 23 को समाज शास्त्र, 27 को गणित, 28 को एनएसक्यूएफ, 29 फरवरी को राजनीति शास्त्र, 2 मार्च को भूगोल एवं अन्य विषय, 4 मार्च को कृषि एवं अन्य, 6 मार्च को उर्दू विषय का पेपर आयोजित किया जाएगा.

संवेदनशील परीक्षा केन्द्रो पर रहेगी पैनी नजर

जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए इस बार 64 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं. इनमें करीब आधा दर्जन परीक्षा केन्द्र अतिसंवेदनशील एवं आधा दर्जन परीक्षा केन्द्र संवेदनशील के रूप में चिन्हित किए गए हैं. जिला शिक्षा विभाग द्वारा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में नकल रोंकने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं. उक्त चिन्हित परीक्षा केन्द्रों में उडऩदस्ता की पैनी नजर रहेगी. इसके अलावा यहां पुलिस बलों की संख्या भी ज्यादा रहेगी. यदि यहां नकल कराने के लिए किसी तरह का प्रयास बाहरी लोगों द्वारा किया जाता है तो उनसे काफी सख्ती के साथ निपटा जाएगा. जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में यह व्यवस्था बनाई जाएगी कि यहां नकल के लिए संभावना न रहे. इसके लिए जिला शिक्षा विभाग का उडऩदस्ता, कलेक्टर पैनल उडऩदस्ता के साथ ही संभागीय उडऩदस्ता द्वारा भी निरीक्षण किया जाएगा. यह व्यवस्था बनाई जा रही है कि गठित उडऩदस्ता ज्यादा से ज्यादा परीक्षा केन्द्रों में पहुंचे और नकल के मामले सामने आते ही उनमें कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें. जिले के कुछ परीक्षा केन्द्र सामूहिक नकल को लेकर काफी सुर्खियों पर रहे हैं. इन पर विशेष नजर रखी जाएगी.

65 भाजपा में गए थे लेकिन 7 के पास ही पद

कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने सिंधिया पर साधा निशाना

ग्वालियर, 4 फरवरी. आज यहां पत्रकारों से बातचीत में सिंधिया छाप कांग्रेसी पर किए गए सवाल पर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि जो लोग जिसके साथ थे वो चले गए।

कांग्रेस के जो साथी हैं वो कांग्रेस के साथ हैं और कांग्रेस की ही उन पर छाप है. जबकि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में आपराधिक आंकड़ा बढ़ने का सबसे ज्वलंत उदाहरण अगर कहीं है तो ग्वालियर-चंबल अंचल है. जहां बहने सुरक्षित नहीं हैं. कहीं दुष्कर्म तो कहीं गैंगरेप जैसी घटनाएं हो रही हैं, तो किसी को पुल से नीचे फेंक दिया जाता है. हत्या, फायरिंग जैसे अपराध की बहुत बड़ी लिस्ट मेरे पास है. गृहमंत्री का दायित्व अगर नहीं संभाल रहा है तो मुख्यमंत्री कृपया कर पुराने मुख्यमंत्री से कुछ ऐसा ज्ञान लें कि अपराध कम हो जाए.

> गौरतलब है कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने बयान में कहा था कि आप देख रहे हैं, जहां-जहां यात्रा जा रही है वहां भांडा फोड़ हो रहा है. जिस पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मेरा उनसे अनुरोध है कि जहां वे हैं वहां की चिंता करें. उनके साथ बीजेपी में 65 पदाधिकारी गए थे, लेकिन अब सिर्फ सात के पास ही पद बचा है बाकी 56 लोग सड़क पर घूम रहे हैं, इसलिए सिंधिया उन लोगों की चिंता करें. कांग्रेस की चिंता वो बंद कर दें.

दान पेटी और मूर्तियां को चोरी कर नाले में छिपाया

जबलपुर, 4 फरवरी. जैन मंदिर से दीवार कूदकर अष्टधातु की दो मूर्तियां और तीन दान पेटी चुराने वाले एक आरोपी को जबलपुर की माढ़ोताल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीन आरोपी फरार है, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। चोर इतने शातिर थे कि पहले मिलकर चोरी की। वहीं जब मूर्तियां और दान पेटी का बंटवारा नहीं हो पाया, तब मूर्तियां और दान पेटी को नाले में छुपा दिया. दरअसल चार दिन पहले नक्षत्र नगर के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चोरों ने चोरी कर ली थी. जहां मंदिर के अध्यक्ष विजय मोदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

आज तक नहीं बनी पुलिया

कलेक्टर दे चुके हैं निर्देश

नवभारत न्यूज

नलखेडा/मो. बड़ोदिया, 4 फरवरी. निपानिया डेम की 5 वर्ष से निर्माणाधीन पुलिया आज भी अधूरी पड़ी है. गत बारिश के समय शाजापुर कलेक्टर एवं एसपी के द्वारा निरीक्षण कर जिम्मेदारों को पुलिया बनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन उसके बाद भी आज तक पुलिया का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है.

बता दें बड़ागांव से 10 किलोमीटर दूर ग्राम निपानिया डेम पर 5 वर्ष में भी जिम्मेदार पुल का निर्माण नहीं कर पाए हैं. हर साल क्षेत्रवासियों को उम्मीद रहती है कि इस वर्ष पुल तैयार हो जाएगा एवं क्षेत्रवासियों को आवागमन हेतु सुविधा मिलेगी, लेकिन लगभग 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी निपानिया डेम का काम जस का तस पड़ा है. डेम में 5 वर्ष में मात्र पीलर ही खड़ा हुआ है. वहीं बारिश के बाद से यह रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है. तालाब लबालब भर जाने के बाद लगभग फरवरी-मार्च में जाकर तालाब का पानी सूखता है. पुलिया नहीं बनने से क्षेत्र के लगभग 40 गांव के लोग प्रभावित होते हैं. यह सडक़ राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा मुंबई को भी जोड़ता है. वहीं इस मार्ग से विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा के दर्शन के लिए भी श्रद्धालु जाते हैं. जिनको वर्ष पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. निपानिया डेम तालाब लबालब भरा जाने के बाद वैकल्पिक मार्ग ग्राम सिमरोल से मोहन बड़ोदिया के लिए जाना पड़ता है, जो कि ग्राम सिमरोल से मोहन बड़ोदिया तक 2 किलोमीटर का उबड़-खाबड़ रास्ता है, जिसे पार करने में लगभग आधे से एक घंटे का समय लगता है. जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. मोहन बड़ोदिया से नलखेड़ा तक के सडक़ तो बन गई है, लेकिन जिम्मेदार निपानिया पर पुल का निर्माण 5 साल में भी नहीं कर पाए हैं, जिसके चलते वाहनों को 4 किलोमीटर घूमकर निकलना पड़ता है.

एक नजर में

अवैध उत्खनन करते पोकलेन मशीन जब्त

दमोह. देहात थाना क्षेत्र के समन्ना गांव में बड़े पैमाने पर मुरम का अवैध उत्खनन किया जा रहा था, इसकी सूचना मिलने के बाद देहात थाना प्रभारी विजय सिंह राजपूत के द्वारा तत्काल ही कार्रवाई करते हुए एक पोकलेन मशीन और चार डंपर जप्त किए हैं .जैसे ही पुलिस ने दबिश दी डंपर चालक भागने में सफल हो गए, लेकिन एक ड्राइवर पकड़ा गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और सभी वाहनों को जप्त करने के बाद देहात थाना में खड़ा कर लिया गया है. देहात थाना प्रभारी विजय सिंह राजपूत ने बताया कि शनिवार की रात समन्ना गांव में अवैध उत्खनन होने की सूचना प्राप्त हुई थी. उन्होंने स्टाफ को मौके पर भेजा तो वहां पर पोकलेन मशीन मुरम की खुदाई कर रही थी और डंपरों में यह मुरम भरी जा रही थी, एक डंपर चालक उमेश आदिवासी पकड़ा गया है जबकि तीन डंपरों के चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए हैं .सबसे बड़ी बात यह है कि पुलिस जब मौके पर पहुंची, उसे समय अवैध उत्खनन चल रहा था और किसी प्रकार की अनुमति के कागज नहीं मिली. अब पुलिस के द्वारा मामले में जांच की जा रही है कि कितने लोग वाहनों पर मौजूद थे किन के नाम से है वाहन रजिस्टर्ड है.

11193 प्रकरणों का हुआ निराकरण

रीवा. रीवा संभाग के सभी जिलों में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत संभाग के सभी गांवों में बी-1 का वाचन किया जा चुका है. अभियान में 31 जनवरी तक संभाग के सभी जिलों में नामांतरण, सीमांकन तथा बंटवारा के 11193 प्रकरणों का निराकरण किया गया है. अभियान की अवधि में नामांतरण के 6316, अविवादित बंटवारे के 1334 तथा सीमांकन 3543 प्रकरणों का निराकरण किया गया. सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है. जबकि सीधी जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है. बंटवारा प्रकरणों के निराकरण रीवा जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर है. राजस्व महाअभियान में राजस्व अधिकारियों द्वारा प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके इनका लगातार निराकरण किया जा रहा है. अभियान के दौरान 29 फरवरी तक एक साल से अधिक अवधि से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

इंदौर क्षेत्र को रेल परियोजनाओं की सौगातें

इंदौर, 4 फरवरी. केंद्रीय बजट में रेलवे को इस बार अधिक राशि आवंटित की गई है। खास बात यही कि इंदौर से जुड़ी रेल परियोजनाओं को लगभग 2700 करोड रुपए आवंटित किए गए हैं. इंदौर की रेल परियोजनाओं की गति और विस्तार के संदर्भ में सुमित्रा ताई के प्रयासों को मौजूदा सांसद शंकर लालवानी ने न केवल निरंतर रखा, बल्कि इसे और अधिक गति प्रदान की है.

रेलवे के मामले में इंदौर को जो कुछ मिल रहा है उसके लिए सांसद शंकर लालवानी की प्रशंसा की जानी चाहिए. खुद इंजीनियर होने के कारण उनके पास विकास का विजन है. यही वजह है कि इंदौर को रेलवे के संदर्भ में लगातार प्रोजेक्ट मिल रहे हैं. अब गेंद रेल अधिकारियों के पाले में हैं. रेलवे अधिकारियों ने बजट का सदुपयोग करते हुए योजनाओं की गति तेज करनी चाहिए. सांसद शंकर लालवानी को भी इस संबंध में लगातार मॉनिटरिंग करनी होगी. इंदौर की इंफ्रास्ट्रख्र के विकास की दृष्टि से कैलाश विजयवर्गीय का नगरीय विकास मंत्री बना भी वरदान साबित होने वाला है. कैलाश विजयवर्गीय और शंकर लालवानी की जोड़ी विकास के मामले में नए प्रतिमान स्थापित कर सकती है. यह दोनों इंदौर नगर निगम में एक साथ कई वर्षों तक काम कर चुके हैं. इस कारण उम्मीद की जानी चाहिए कि इंदौर के विकास को आने वाले दिनों में नए पंख लगेंगे. बहरहाल, अंतरिम बजट में इस बार रतलाम मंडल के सभी प्रोजेक्ट के लिए भरपूर पैसा मिला है. वर्षों पुराने रतलाम-इंदौर-महू-खंडवा गेज परिवर्तन के लिए इस बार 910 करोड़ रुपये मिले हैं, वहीं इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के लिए 600 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए. इंदौर-बुधनी नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के लिए सबसे ज्यादा एक हजार 80 करोड़ रुपये मिले हैं. इसके साथ ही इंदौर के दो अहम रेलवे फाटक को खत्म कर आरओबी बनाया जाएगा. इसके लिए पांच-पांच करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं. हालांकि रेलवे के निर्माण विभाग में सीमित अफसर होने के चलते अधिकांश प्रोजेक्ट धीमी गति से चल रहे हैं. इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट की आधारशिला 2008 में रखी गई थी. 2013 के बाद इंदौर-दाहोद (205 किमी) प्रोजेक्ट जमीन पर आया. वर्तमान में इंदौर-टीही के बीच गुड्स ट्रेन का संचालन हो रहा है. टीही से (नौगांव) धार तक अर्थवर्क, पुल-पुलिया और धार में स्टेशन बिल्डिंग का काम चल रहा है. दाहोद से झाबुआ तक तेजी से काम चल रहा है. इस बार बजट में मिले 600 करोड़ से उम्मीद है कि इसी वर्ष धार तक रेल कनेक्टीविटी हो जाएगी. धार-छोटा उदयपुर नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के लिए भी 350 करोड़ रुपये मिले हैं.

नव भारत सियासत - इंदौरीलाल

फ्रिज के कंप्रेसर में लगी आग, निगम कर्मचारी ने जान पर खेलकर बुझाई

मुरैना, 4 फरवरी. मुरैना के दत्तपुरा में एक घर में आग लग गई. आग घर में रखें फ्रिज के कंप्रेशर फटने के कारण लगी. तेज धमाके के साथ फ्रिज का कंप्रेसर फटा और उसने उसे कमरे में आग लगा दी. आग से घर में रखा अन्य सामान भी जल गया. इस समय एक निगम कर्मचारी रामजीवन उपाध्याय ने अपनी जान पर खेल कर आग को बुझाया. घटना रविवार की है.

नए एयर टर्मिनल का पीएम करेंगे उद्घाटन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 4 फरवरी. राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल के नए एयर टर्मिनल का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है. आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस नए टर्मिनल का लोकार्पण प्रस्तावित है.

संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने रविवार को जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नए टर्मिनल के साथ ही आयोजित होने वाले लोकार्पण समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया. प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा एवं समारोह के दृष्टिगत समारोह स्थल के साथ ही पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार, एडीएम टी एन सिंह, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारीगण और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

कार्यालय महादेव मेला समिति पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम

फोन नंबर : (07578)252035/252025, फैक्स नं. 252025

Email: mmspanchmarhi@gmail.com

क्रमांक/1635/म मे स/2024 पचमढ़ी दिनांक : 03/02/2024

नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महाशिवरात्रि मेला वर्ष 2024 का आयोजन दिनांक 29/02/2024 से 09/03/2024 तक पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। मेला अवधि हेतु बड़ा महादेव, कालभैरव नादिया, कालभैरव राजागादी, नंदीगढ़, पार्वती गुफा, सीता नहानी, अम्बा माई, भष्मकुण्ड, संखदेव एवं बलदेव चढ़ौत्री स्थलों की नीलामी एवं बड़ा महादेव से चौरागड़, गुप्त महादेव पार्किंग स्थल दुकानों की नीलामी हेतु संक्षिप्त विज्ञप्ति जारी की जाती है। उक्त नीलामी दिनांक 13/02/2024 की दोपहर 12.00 बजे तहसील कार्यालय पचमढ़ी के प्रांगण में की जावेगी। उक्त समस्त चढ़ौत्री स्थलों एवं दुकानों की बोली में सम्मिलित होने लिए इच्छुक बोलीदार नियत दिनांक समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

नीलामी के संबंध में विस्तृत निर्देश व आवश्यक जानकारी तहसील कार्यालय पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम के सूचनपटल पर देखी जा सकती है।

संपर्क- मोबा. नं. 9713679030

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
पिपरिया एवं सचिव महादेव मेला समिति
पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम

शव रख प्रदर्शन, दो पुलिसकर्मी निलंबित

आक्रोशितों की मांग पर आरोपियों के अतिक्रमण तोड़े गए

नवभारत न्यूज

रतलाम/पिपलोदा, 4 फरवरी. बुजुर्ग गवाह की मौत के बाद रविवार को भी आरोपी के घर के आगे शव रखकर प्रदर्शन किया. जानकारी मिलते ही जावरा एसडीम सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा. आक्रोशितों की मांग पर आरोपियों के जहां अतिक्रमण तोड़े गए, वहीं पिपलौदा थाना प्रभारी और जांच अधिकारी को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया. कार्रवाई का डंडा चलने पर आक्रोश कुछ शांत हुआ और बुजुर्ग नाथूलाल चौधरी (77)का अंतिम संस्कार किया गया.

उल्लेखनीय है कि 24 जनवरी 2024 को हुए हमले के बाद गंभीर घायल नाथू लाल जाट की शनिवार को मौत हो गई थी. तत्पश्चात परिजन सहित समाज जन आक्रोशित हुए और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. आश्वासन के बाद रतलाम से चले गए मगर मामला इतने से भी शांत नहीं हुआ तो रविवार को अंतिम संस्कार के पहले आरोपियों के मकान तोडने और लापरवाह पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग को लेकर आरोपी के घर के बाहर शव कर प्रदर्शन किया.

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम अनिल भाना, एसडीओपी शक्ति सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और मामले को शांत करवाने का प्रयास किया. भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस दौरान जेसीबी के माध्यम से आरोपियों के अतिक्रमण को तोड़ा गया. लोगों का यही आक्रोश था कि जब तक जनपद उपाध्यक्ष सुरेश जाट को गिरफ्तार नहीं किया जाता, वह शांत नहीं बैठेंगे. पुलिस कर्मियों की लापरवाही के कारण ही आरोपियों के हौसले बुलंद हुए और उन्होंने बुजुर्ग गवाह को मौत के घाट उतार दिया. पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पिपलोदा के थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान और जाँच अधिकारी एस आई केएल दायमा को लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है. वही भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अतिक्रमण को तोड़ा गया. तत्पश्चात आक्रोशित लोग माने और बुजुर्ग नाथू लाल का अंतिम संस्कार किया गया. ज्ञातव्य है कि मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. फरार सुरेश जाट की तलाश की जा रही है.

यह था मामला

उल्लेखनीय की अगस्त 2022 में तेजा दशमी उत्सव के दौरान जब जुलूस निकल रहा था तब नाथूलाल के बेटे धर्मेंद्र और जुलूस पर हमला किया गया था जिसके मुख्य गवाह नाथूलाल चौधरी थे और उनकी गवाही 25 जनवरी 2024 को होना थी. ठीक एक दिन पहले जब बुजुर्ग नाथूलाल खेत की तरफ जा रहे थे, तब करीब एक दर्जन महिला पुरुषों ने हमला करके अधमरा कर दिया था. बुजुर्ग का उपचार रतलाम मेडिकल कॉलेज में चल रहा था, जहां 11वें दिन 3 फरवरी शनिवार को उनकी मौत हो गई.

2016 जैसी व्यवस्थाओं से सबक ले प्रशासन

कुंभ 2028 के लिए अफसरों की दौड़ भाग शुरू

नवभारत न्यूज

ओंकारेश्वर , 4 फरवरी. उज्जैन महाकुंभ के दौरान ओंकारेश्वर में विशेष तैयारियां होती हैं. इसके लिए भी करोड़ों रुपए का बजट और प्रशासनिक व्यवस्थाएं होती हैं. 2028 के लिए अफसरों की दौड़भाग शुरू हो गई है. अनुभवी लोगों का मानना है कि 2016 जैसी व्यवस्थाएं नहीं की जाएं. प्रशासन को पुरानी अव्यवस्थाएं याद रखते हुए नए काम करने चाहिए.

ओंकारेश्वर आने वाले शिवभक्तों को भ्रमण की खुली छूट देने चाहिए. रुकने व घाटों पर जाने आने,स्नान करने,परिक्रमा पथ पर जाने पर प्रतिबंध न हो. इससे भक्त पूरी ओंकारेश्वर नगरी में फैलेंगे तो भीड़ एक जगह नहीं दिखेगी. नर्मदा स्नान का विशेष पुण्य लाभ लेंगे.

ओंकार तीर्थ विकास समिति ने शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा है कि करोड़ों की योजना का लाभ भक्तों को मिले, तो ही घाटों, पुलों, सुलभ शौचालयों प्रतीक्षालयों के निर्माण की सार्थकता होगी.

> सिंहस्थ 2016 में शासन द्वारा आने वाले श्रद्धालुभक्तों के लिए करोड़ों रूपए की योजनाएं बनाकर निर्माण करवाए थे. जब सिंहस्थ शुरू हुआ तो श्रद्धालु भक्तों को अस्थाई बस स्टैंड से टेम्पो द्वारा पुराने बस स्टैंड उतरवाया गया था. पुराने बस स्टैंड से उतरते ही बगैर स्नान नित्यकर्म किए झिक-झेक में मंदिर जाने के लिए जेपी चौक पुराने पुल से रवाना कर दिया गया. साथ मे लगेज लेकर भक्त अप्रेल की गर्मी में भूखे प्यासे 4 से 5 घंटे में मंदिर पंहुचे थे. दर्शन कराकर झूलापुल से निकलकर टेम्पो से वापस बस स्टैंड भेजा गया. न धर्मशालाओं में रुकने दिया ना घाटों पर स्नान करने दिया था. ना ओंकार पर्वत कि परिक्रमा करने दी थी.

KVB Karur Vysya Bank Smart way to bank

एसेट रिकवरी ब्रांच, नंबर 6, तीसरी मंजिल, मेट्रो पिलर नंबर के सामने- 80, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली - 110 005, मोबाइल- 7823919520 PH-011-35008283/85

ई-नीलामी सूचना 7 ई-नीलामी 28 .02 .2024 को

सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 9(1) के साथ नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार, करूर वैश्य बैंक लिमिटेड को गिरवी रख दी गई है, जिसका कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के , सुरक्षित ऋणदाता, दिए गए विवरण के अनुसार जैसा है जहां है, जैसा है जो है, बिना सहारा के, और जो कुछ भी है और बिना सहारा के पर बेचा जाएगा। नीचे-

क्र.सं.	उधारकर्ता का नाम	ऋण देने वाली शाखा	संपत्ति का स्थान	संपत्ति की प्रकृति	आरक्षित मूल्य (रुपये में)	ईएमडी राशि (रुपये में)	संपर्क व्यक्ति /फोन नं. ईमेल
1.	मैसर्स वंडर लिविंग मेसर्स शीशम	भोपाल	आवासीय फ्लैट नं. 01 दूसरी मंजिल, राजा परिसर, प्लॉट नं. 29ए एमपी नगर	आवासीय फ़्लैट	74,50,000	7,45,000 7827006229	श्री अतुल अग्रवाल atulagarwal@kvb mail.com

उधारकर्ताओं का विवरण- क्र. नंबर 1- 1. मैसर्स वंडर लिविंग पता-प्लॉट नंबर 77 सेक्टर I इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा, भोपाल मध्य प्रदेश-462001 2. अशोक जयसवाल (मालिक) निवासी- एस-1, राजा परिसर, म.प्र. नगर, जोन II, भोपाल, हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462011 3. ज्योति जयसवाल (गारंटर) निवासी- एस-1, राजा परिसर, म.प्र. नगर, जोन II, भोपाल, हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462011 और कुल देय- 31.01.2024 को 29,47,207.36 रुपये (उनतीस लाख सैंतालीस हजार दो सौ सात रुपये और केवल छत्तीस पैसे) अतिरिक्त ब्याज, लागत, अन्य शुल्क और उस पर खर्च के साथ।

2. मेसर्स शीशम पता-प्लॉट नं.28 एम.पी नगर जोन-II, भोपाल मध्य प्रदेश-462001 2.ज्योति जयसवाल (मालिक) निवासी- एस-1, राजा परिसर, म.प्र. नगर, जोन II, भोपाल, हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462011 3.अशोक जयसवाल (गारंटर)

निवासी- एस-1, राजा परिसर, म.प्र. नगर, जोन II,भोपाल, हुजूर, भोपाल, म.प्र. 462011 और कुल बकाया- 31.01.2024 तक 27,43,789.07 रुपये (सत्ताईस लाख तैंतालीस हजार सात सौ नवासी केवल सात पैसे) है,अतिरिक्त ब्याज, लागत, अन्य शुल्क और उस पर खर्च के साथ.

बंधक परिसंपत्तियाँ- क्र. नंबर 1- आवासीय फ्लैट नंबर एस-01, दूसरी मंजिल, राजा परिसर, प्लॉट नंबर 29ए, महाराणा प्रताप नगर, जोन-2, भोपाल, म.प्र., माप 92.75 वर्गमीटर श्रीमती श्रीमती ज्योति जयसवाल, पत्नी अशोक जयसवाल के नाम .और चार से बाउंड हुए भुजाएँ इस प्रकार हैं- उत्तर- सड़क दक्षिण- फ्लैट नंबर 05 पूर्व- खुला पश्चिम- फ्लैट नंबर 02
आरक्षित मूल्य- रु. 74,50,000.00 ईएमडी- रु. 7,45,000.00

संपत्ति का निरीक्षण	सभी कार्य दिवस - 05.02.2024 से 26.02.2024 तक सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक
ऑनलाइन निविदा एवं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक- 27.02.2024 समय- शाम 5 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय	ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से 28.02.2024 को सुबह 11.00 बजे से 11.30 बजे के बीच बिक्री समाप्त होने तक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ होगी.
नोडल बैंक खाते का नाम	उपरोक्त खातों के पक्ष में करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, केंद्रीय कार्यालय खाता संख्या- 1101351000000973, आईएफएससी कोड-KVBL0001101
संपर्क व्यक्ति एवं फ़ोन नंबर	जैसा ऊपर उल्लिखित है

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया हमारे बैंक/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट, यानी www.kvb.co.in/Property अंडर ऑक्शन और हमारे वेब पोर्टल https-//Bankauctions.in पर दिए गए लिंक को देखें ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स 4closure पूर्व भार - शून्य (बैंक की जानकारी में लाया गया)

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों का नोटिस

उधारकर्ताओं और गारंटरों को ई-नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर अनुसूची संपत्ति की नीलामी / बिक्री की जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज एवं लागत सहित वसूल किया जायेगा।

स्थान- दिल्ली
दिनांक- 05.02.2024

एसडी/- करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी के लिए